**महावीर सीनियर मॉडल स्कूल**

**विषय-हिंदी, कक्षा-सातवीं**

**शीतकालीन गृहकार्य (2025-26)**

**सामान्य निर्देश :**

- सभी उत्तर साफ़ और सुंदर लिखावट में लिखें।
- रचनात्मकता और मौलिक सोच को महत्व दीजिए।
- इस सभी कार्य को आप अपनी व्याकरण की कॉपी में करके लाएंगे।

**प्रश्न.1 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।**

**(क)** अपने छोटे भाई/बहन को जल संकट के कारणों और उससे निपटने के उपाय बताते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

**अथवा**

**(ख)** अपने मित्र को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर बताइए कि बदलती जीवन-शैली बच्चों के स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित कर रही है।

**प्रश्न.2 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।**

**(क) विश्व हिंदी दिवस : उद्देश्य और महत्व**

**संकेत बिंदु :**

- विश्व हिंदी दिवस का परिचय (10 जनवरी)
- इसे मनाने का उद्देश्य
- हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने का प्रयास
- विद्यार्थियों के लिए संदेश

**(ख) मेरा परिवेश और उसकी समस्याएँ**

**संकेत बिंदु :**

- आसपास का वातावरण
- प्रमुख समस्याएँ (प्रदूषण, शोर, कचरा)
- कारणों का विश्लेषण
- संभावित समाधान

**प्रश्न.3 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प चुनकर लिखिए-**

पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। स्वच्छ व सुरक्षित पर्यावरण के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। आज बढ़ते औद्योगीकरण और शहरीकरण के कारण पर्यावरण प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। वायु, जल और भूमि-तीनों ही प्रदूषित हो रहे हैं, जिससे मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई

के कारण वर्षा चक्र प्रभावित हो रहा है और तापमान बढ़ रहा है। प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग भी पर्यावरण के लिए गंभीर समस्या बन चुका है। यदि समय रहते हमने प्रकृति की रक्षा नहीं की, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अधिक से अधिक वृक्ष लगाना, जल की बचत करना और प्लास्टिक का कम उपयोग करना छोटे लेकिन प्रभावी कदम हैं। जब समाज का हर व्यक्ति पर्यावरण के प्रति सजग होगा, तभी हम प्रकृति को सुरक्षित रख पाएँगे।

**(i) पर्यावरण क्यों आवश्यक है?**

(क) मनोरंजन के लिए (ख) जीवन के आधार के रूप में

(ग) केवल सुंदरता के लिए (घ) उद्योगों के लिए

**(ii) पर्यावरण प्रदूषण का मुख्य कारण क्या बताया गया है?**

(क) खेल (ख) औद्योगीकरण और शहरीकरण

(ग) शिक्षा (घ) कृषि

**(iii) पेड़ों की कटाई से क्या प्रभाव पड़ता है?**

(क) वर्षा बढ़ती है (ख) तापमान घटता है

(ग) वर्षा चक्र प्रभावित होता है (घ) प्रदूषण कम होता है

**(iv) पर्यावरण संरक्षण के लिए कौन-सा उपाय सही है?**

(क) प्लास्टिक का अधिक उपयोग (ख) जल की बर्बादी

(ग) वृक्षारोपण (घ) वनों की कटाई

**(v) गद्यांश का उद्देश्य क्या है?**

(क) समाज में डर पैदा करना (ख) मनोरंजन और शिक्षा प्रदान करना

(ग) लोगों में जागरूकता फैलाना (घ) कहानी सुनाना और बोलना

**प्रश्न.4 निम्नलिखित दी गई पंक्तियों में से किसी एक पंक्ति को पूरा करते हुए कहानी लिखिए-**

(i) एक बूढ़ा किसान अपने चार आलसी बेटों से दुखी था.........................

(ii) हार के बाद मिली सीख, जीत से कहीं अधिक मूल्यवान थी क्योंकि.....................

**प्रश्न.5 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए -**

(i) चिड़िया कहीं भी अपना घर बना सकती है , यदि आपके पास चिड़िया जैसी सुविधा हो तो आप अपना घर कहाँ बनाना चाहेंगे और क्यों ?

(ii) आपने वर्षा से पहले और वर्षा के बाद किसी पेड़ या पौधे को ध्यान से अवश्य देखा होगा , आपको कौन-कौन से अंतर दिखाई दिए ? विस्तार से बताएँ।

(iii) सर्दी के मौसम में आपके आस-पड़ोस के पशु-पक्षी तथा जिनके पास रहने के लिए घर नहीं है वे अपनी सुरक्षा कैसे करते हैं ? इन्हें कौन-कौन सी समस्याएँ होती होंगी ?

(iv) 'नहीं होना बीमार' कहानी में आम खाने वाले मुन्नू को देखकर बच्चे को ईर्ष्या हुई थी। क्या आपको कभी किसी से या किसी को आपसे ईर्ष्या हुई है ? आपने तब क्या किया था जिससे यह भावना दूर हो जाए ?

**प्रश्न.6 हैं जनम लेते जगह में एक ही, एक ही पौधा उन्हें है पालता।**

**रात में उन पर चमकता चाँद भी, एक ही सी चाँदनी है डालता।**
**मेह उन पर है बरसता एक सा, एक सी उन पर हवायें हैं बही।**
**पर सदा ही यह दिखाता है हमें, ढंग उनके एक से होते नहीं ............................**

**'फूल और काँटा' कविता के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों का सटीक उत्तर कौन-सा है? कुछ प्रश्नों के एक से अधिक उत्तर भी हो सकते हैं।**

**(i) कविता में काँटे के बारे में कौन-सा वाक्य सत्य है?**

(क) काँटा अपने आस-पास की सुगंध को नष्ट करता है। (ख) काँटा तितलियों और भौंरों को आकर्षित करता है।

(ग) काँटा उँगलियों को छेदता है और वस्त्र फाड़ देता है। (घ) काँटा पौधे को हानि पहुँचाता है।

**(ii) कविता में फूल और कॉटे में समानताओं और विभिन्नताओं का उल्लेख किया गया है। निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य इन्हें सही रूप में व्यक्त करता है?**

(क) फूल सुंदरता का प्रतीक है और काँटा कठोरता का।

(ख) फूल और कॉटे के बारे में लोगों के विचार समान होते हैं।

(ग) फूल और कॉटे एक ही पौधे पर उगते हैं, लेकिन उनके स्वभाव भिन्न होते हैं।

(घ) फूल और कॉटे को समान देखभाल मिलती है फिर भी उनके रंग-ढंग अलग होते हैं।

**(iii) कविता के आधार पर कौन-सा निष्कर्ष उपयुक्त है?**

(क) व्यक्ति का कुल ही उसके सम्मान का आधार होता है।

(ख) व्यक्ति के कार्यों के कारण ही लोग उसका सम्मान करते हैं।

(ग) कुल की प्रतिष्ठा हमेशा व्यक्ति के गुणों से बड़ी होती है।

(घ) यदि व्यक्ति अच्छे कार्य करता है तो उसके कुल को प्रसिद्धि मिलती है।

**(iv) कविता के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'बड़प्पन' के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है।**

(क) धन-दौलत और ताकत से व्यक्ति के बड़प्पन का पता चलता है।

(ख) कुल के बड़प्पन की प्रशंसा व्यक्ति की कमियों को ढक देती है।

(ग) बड़प्पन व्यक्ति के गुणों, स्वभाव और कर्मों से पहचाना जाता है।

(घ) कुल का नाम व्यक्ति में बड़प्पन की पहचान का मुख्य आधार है।

**विषय अध्यापक**

**दिनेश कुमार**